5. Smt.N.Rekha, SOA(G), KK Nagar – 1 Gold (4 x 100 Mts Relay) & 1 Bronze (4 x 400 Mts Relay)
6. Smt.G.Vyjayanthi, AOS(G), Guindy – 1 Gold (4 x 100 Mts Relay) & 1 Bronze (4 x 400 Mts Relay)

सब को हार्दिक बधाई

व्यक्तिगत चैंपियन श्री एस.सेंतिल कुमार ,
एओएस (जी), आवड़ी सीएससी

चेन्नई टेलीफोन्स की टीम

अद्भुत मूर्तिकला - श्री टी.डी.अमुतवण्णन, उप मंडल अभियंता(विधिक) /

AMAZING SCULPTURE – Shri T.D.Amuthavannan, SDE(Legal)

श्री टी.डी.अमुतवण्णन द्वारा बनाई गई सुंदर मूर्तियों पर एक नज़र डालें। उनकी मूर्तियां मिट्टी में रची कविता की तरह हैं, जहां वे अपनी कल्पना और कारीगरी का मिश्रण करते हैं।

अनुवाद की परिभाषा और स्वरूप

अनुवाद (Translation) शब्द संस्कृत का है जिसके मूल में 'वद्' धातु है। 'वद' शब्द में पीछे , बाद में अनुवर्तिता आदि अर्थो में प्रयुक्त होने वाले 'अनु' उपसर्ग लगने से 'अनुवाद' शब्द बना है। अनुवाद का मूल अर्थ है "किसी के कहने के पश्चात कहना" अथवा पुन: कथन । कोश के अनुसार अनुवाद का अर्थ है-- " पहले कहे गये अर्थ को फिर से कहना ।" अंग्रेजी में अनुवाद के लिए (Translation) शब्द का प्रयोग होता है। 'Translation' शब्द लैटिन शब्द 'Trans'(पार) तथा 'Lation'(ले जाना) शब्दों के योग से बना है। जिसका अर्थ एक भाषा के पार दूसरी भाषा में ले जाना। या एक भाषा से दूसरी भाषा में बदलना।

(अ) ए.एच. स्मिथ के अनुसार- " अर्थ को बनाये रखते हुए अन्य भाषा में अंतरण कहना अनुवाद है।"

(आ) डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार- "एक भाषा में व्यक्त विचारों को, यथासम्भव समान और सहज अभिव्यक्ति द्वारा दूसरी भाषा में व्यक्त करने का प्रयास अनुवाद है।"

प्रारम्भ में अनुवादक को साहित्य की दुनिया में बडी़ हीन-दीन दृष्टि से देखा जाता था उसे पढ़े-लिखे बेकार व्यक्ति के लिए नोन तेल लकडी़ का एक छोटा-मोटा जुगाड़ अनुवाद मानते थे परन्तु ज्यों-ज्यों ज्ञान का क्षितिज विस्तृत होता गया लोग जीने और जीवित रहने का संबंध एक प्रान्त, राष्ट्र के बजाय समस्त विश्व प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ गया। भारत में तो प्रयोजनमूलक हिन्दी की संरचना का आधारभूत तत्व परिभाषिक शब्दावली के बाद दूसरा अनुवाद ही है। विश्व के विभिन्न भागों, वर्गों, व्यवसायों के लोगों के भीतर एक दूसरे को जानने-समझने की ईच्छा बलवती होने लगी जिसके लिए पशि्चम देशों की भाषाओं अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी,जर्मन,जपानी आदि तथा तकनीकी, औधोगिक, चिकित्सा, विधि, वाणिज्य से लेकर सांस्कृतिक और आदान-प्रदान जीवन का मूल हिस्सा बन गया अब विश्व के विभिन्न भूखण्डों में बसने वाले लोग एक परिवार जैसा महसूस करने लगे लोगों की दर्द, बेचैनी, आँसुओं, उल्लासों के बीच एक अजीब सा सामान अहसास होने लगा। व्यक्ति या राष्ट्र संकट वैश्विक रूप में माना जाने लगा तथा इसका अंतर्राष्टीय समाधान खोजे जाने लगा दूसरी ओर दूरदर्शन, आकाशवाणी, दृश्य-श्रव्य कैसेट, फिल्म, दूरभाष आदि जोड़ने में महत्वपूण भूमिका निभाई। भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् जब चहुदिशाओं में विकास की योजनाएँ बनने लगीं, हिन्दी के राजभाषा के पद पर आसीन होने से प्रशासनिक कार्यों तथा शिक्षा, विधि आदि विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय भाषाओं, विशेष रूप से हिन्दी दबाव तब यह आवश्यक हो गया कि भारतीय भाषाओं की साहित्यिक के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी को बढावा देने के लिए अखिल भारतीय परिभाषिक शब्दावली का निर्माण किया जाए। वस्तुत: किसी भी देश की सांस्कृतिक परम्पराओं, मान्यताओं, वैज्ञानिक शोधों, औधोगिक विकास, चिकित्सा के लिए अनुवाद एक अनिवार्य माध्यम है। अनुवाद की सहायता से प्रतिभाशाली विधार्थी किसी विषय अथवा ज्ञान शाखा का अध्ययन अपनी मातृभाषा में सरलता समझ सकता है। वही अन्य भाषा में करना पड़े तो शक्ति और समय दोनों का व्यय होता है। अनुवाद अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान(Applied Linguistics) के अन्तर्गत आता है। किन्तु अनुवाद के प्रकृति के बारे में विद्वानों में काफी मतभेद हैं। विद्वानों का एक वर्ग अनुवाद को कला मानता है। प्रसिध्द कवि एजरा पाउण्ड ने अनुवाद को "साहित्यिक पुनर्जीवन" माना है। वही विद्वानों का दूसरा वर्ग विज्ञान मानता है। आधुनिक युग में जहाँ ज्ञान-विज्ञान के नए-नए क्षेत्र खुल रहे हैं, कम्प्यूटर-तकनीकी के जाने से वहाँ अनुवाद विज्ञान माना जाने लगा है। अत: अनुवाद केवल रूपांतरण का माध्यम ही नहीं प्रत्युत एक अर्जित कला है।

आधुनिक युग में अनुवाद मनुष्य की सामाजिक , साहित्यिक एवं सांस्कृतिक जरूरत के साथ ही कार्यालयीन कामकाज की अत्यावश्यक शर्त भी बन गया है। देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में फैले मनुष्य के साथ जीवन के अनेकविध धरातल पर वह एक दूसरे से सतत सम्पर्क बनाकर व्यकि्तगत तथा सामूहिक सम्बन्धों की कडी को मजबूत से जोडना चाहता है। अत: भाषाई स्तर पर सम्प्रेषण व्यापार हेतु अनुवाद का प्रयोजन संकुलित कठघरे से हटकर इस वैज्ञानिक युग में बहुआगमी परिप्रेक्ष्य में उजागर हो रहा है। विश्व-पटल पर अवसि्थत संस्कृतियों से सम्पर्क तथा सम्प्रेषण व्यवस्था के बिच में अनुवाद मध्यस्थता का महत्वपूण कार्य करता है।

अनुवाद की समस्याएँ और समधान

एक भाषा में अभिव्यक्त विषयों, भावनाओं तथा संवेदनाओं को जहाँ तक संभव हो उसी की प्रयुक्त भाषा-शैली में दूसरी भाषा में रूपांतरित करना अनुवाद कहलाता है। मगर यह कार्य जितना सरल दिखाई देता है उतना है नहीं । मराठी के प्रसिध्द नाटककार मामा वरेरकर ने कहा भी है- "लेखक होना आसान है, किन्तु अनुवादक होना अत्यन्त कठिन। तथा स्वतन्त्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद जी ने भी कहा है- "एक प्रकार से मौलिक लेख लिखना आसान है, पर किसी दूसरी भाषा से अनुवाद करना बहुत कठिन होता है। मेरा निजी अनुभव है कि मैं अंग्रेजी से हिन्दी में और हिन्दी से उतनी आसानी से अनुवाद नहीं कर सकता, जितनी आसानी से इन दोनों भाषाओं में लिख या बोल सकता हूँ।" क्योंकि दो अलग-अलग भाषाओं की अपनी-अपनी प्रकृति होती है। अपनी शब्द-संपदा होती है। अपनी विशिष्ट भाषिक संरचना, शैली-भंगिमा होती है।

समस्याएँ

1) '**शब्द प्रयोग की समस्या**:- कभी-कभी एक ही भाषाओं के दो शब्द मिल जाते है जिसका अर्थ अलग-अलग होता है। जैसे-मराठी में 'नवरा' का अर्थ पति है जबकि गुजराती में निठल्ले को 'नवरा' कहते है।

2) **मुहावरे-कहावते की समस्या**:- यधपि मुहावरे और कहावते मनुष्य के जीवन के अनुभावों को संक्षिप्ति, प्रभावशाली रूप में अभिव्यक्त करने का साधन रही है। परन्तु हर मुहावरे या कहावत एक-सा नहीं हो सकते ।

3) **अलंकार की समस्या**:- एक भाषा के अलंकार उस भाषा के शब्द को सौन्दर्य प्रदान करते है। "कनक-कनक" में यमक अलंकार दुहरे अर्थ में प्रयोग अनुवाद के लिए एक गंभीर समस्या बन जाती है।

4)**शैली की समस्या**:- हर भाषा की अपनी शैली होती है। परन्तु अगर एक भाषा में उपलब्ध शैली विशेषताएँ दूसरी में न मिले तो अनुवाद करने में परेशानी होती है। जैसे, हिन्दी की तीन शैलियाँ संस्कृत-निष्ठ हिदी, हिन्दुस्तानी और बातचित।

समाधान

1)**भाषा का ज्ञान**:- अनुवादक की सर्वप्रथम आवश्यकता भाषाओं का समुचित ज्ञान हो क्योंकि उसके सामने दो अलग-अलग भाषाओं की प्रकृति,प्रवृति,संस्कृति, अभिव्यक्ति शक्ति आदि बातों से वाकिफ होना चाहिए जिससे भाषा की वाक्य-रचना, शब्दों की चयन-प्रक्रिया, अभिव्यक्ति की सक्षम परख और वाक्य-विन्यास एवं शैलियों पर सांस्कृतिक प्रभाव का गहन अध्ययन हो ताकि अपने दायित्वों को अच्छी तरह निभा सके।

2) **विषय का ज्ञान**:-अनुवादक को अनुवाद सामग्री के विषय का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए। अगर उसे विषय का अच्छी तरह ज्ञान नहिं होगा तो वह मूल रचना के साथ सही न्याय नहीं कर पायेगा।

3) **अभिव्यक्तिगत तटस्थता**:- उत्तम अनुवाद अनुवादक के रूचि के साथ उसकी योग्यता, विषय-वस्तु की समझ, भाषाओं की निपुणता आदि बातों पर बहुत कुछ निर्भर करता है। अच्छे और सफल अनुवाद की पहचान यही कि पाठक को पढ़ते समय ऐसा न महसुस हो अनुवाद पढ रहे है बल्कि मूल पाठ पढ़ रहे है। उसमें अपने से कुछ न जोड़कर तटस्था का ध्यान रखना चाहिए। जैसे- अंग्रेजी का वाक्य- To give blank cheque, का हिन्दी अनुवाद “कोरा चेक देना” लिखें तो गलत होगा। इसका अनुवाद “खुली छूट देना” हो सकता है ।

(स्रोत : विकिपीडिया)

Shri. C.Nagendran, SOA(G),O/o The CGM Secretariat, a passionate photographer and an enthusiastic nature lover believes that "protecting environment is same as protecting humanity. Environment provides us the required resources to live our life. Hence, it is our moral obligation to protect our planet. The future generations should be blessed with a pollution free environment. Planting Banyan trees is a simple but powerful way to assure greener environment for mankind and other creatures. Plant a tree today, it will help us breathe tomorrow." See more of his works in Instagram **@nagendran_c4777**

Don't just think green, LIVE GREEN!

The Sacred Banyan Tree

Fully awake!



Squeezed!

Balancing Tree

Fit and Trim

Trapped

United we stand

Waiting for the bite

Irresistible

Vantage point

Appreciation awarded to Shri.C.Nagendran by Shri. C.V.Vinod, CGM

नृत्य पर अनमोल विचार

नृत्य भी मानवीय अभिव्यक्तियों का एक रसमय प्रदर्शन है। बालक जन्म लेते ही रोकर अपने हाथ पैर मार कर अपनी भाव अभिव्यक्ति करता है कि वह भूखा है । इन्हीं आंगिक क्रियाओं से नृत्य की उत्पत्ति हुई है।



नृत्य का वर्णन हमारे पुराणों में भी है। समुद्र मंथन के पश्चात जब अमृत निकला तब दुष्ट राक्षसों के अमर होने की समस्या उत्पन्न हो गई । तब भगवान विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर अपने मनोहर नृत्य से सारा अमृत, देवताओं को पिला दिया और इस तरह राक्षसों से तीनों लोकों की रक्षा की।

भारतीय संस्कृति एवं धर्म आरंभ से ही नृत्यकला से जुडे रहे हैं। देवराज इंद्र का अच्छा नर्तक होना तथा स्वर्ग से अप्सराओं के अनवरत नृत्य की धारणा से हम भारतीयों के प्राचीन काल से नृत्य से जुडाव की ओर संकेत करता है। विश्वामित्र – मेनका का भी उदाहरण ऐसा ही है। स्पष्ट ही है कि हम आरंभ से ही नृत्यकला को धर्म से जोडते आएं हैं।

नृत्य एक ऐसी कला है जिससे मन प्रसन्न और शरीर स्वस्थ होता है। नृत्य इंसान के अंदर छुपे कई अवगुणों को दूर कर देता है। हृदय को सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है। नृत्य खुशी के रसायन को बढा देता है।

श्रीमती विद्या.एस.राव
सहायक कार्यालय अधीक्षक
पश्चिम क्षेत्र

चेन्नई नराकास (उपक्रम) से संबंधित उपलब्धियां /

ACHIEVEMENTS IN CHENNAI TOLIC (PSU)

वर्ष 2021-22 के दौरान सर्वश्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के लिए चेन्नई टेलीफोन्स को नराकास चेन्नई (उपक्रम) का दूसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। 07.12.2022 को आयोजित चेन्नई नराकास (उपक्रम) की अर्ध वार्षिक बैठक में चेन्नई टेलीफोन्स के लिए पुरस्कार प्राप्त करती हुई श्रीमती टी. पंकोडी, मुख्य महाप्रबंधक

07.12.2022 को आयोजित चेन्नई नराकास (उपक्रम) की अर्ध वार्षिक बैठक में हिन्दी गायन के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करती हुई श्रीमती आरती श्रीधर, मुख्य लेखा अधिकारी (कोबा)

04.08.2022 को चेन्नई नराकास (उपक्रम) के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी गायन प्रतियोगिता में श्री. एन. सुकेश कुमार, उप मंडल अभियंता (ईबी) को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

<u>11.07.2023 को आयोजित नराकास चेन्नई (उपक्रम) की दूसरी अर्ध वार्षिक बैठक (अक्तूबर 2022 – मार्च 2023 के लिए) के कुछ दृश्य</u>

बाएं से दाएं : 1. टिप्पण व प्रारूपण प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार प्राप्त करती हुई श्रीमती विद्या एस. राव, सहायक कार्यालय अधीक्षक, पश्चिम क्षेत्र

2. अंताक्षरी प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार प्राप्त करती हुईं श्रीमती आरती श्रीधर, मुख्य लेखा अधिकारी व श्रीमती विद्या एस. राव, सहायक कार्यालय अधीक्षक

3. ऑलिम्पियन श्रीमती शाइनी विलसन, महाप्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, के साथ पुरस्कार विजेता

4. श्री. सी. वी. विनोद, मुख्य महाप्रबंधक व बीएसएनएल तमिलनाडु परिमंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुरस्कार विजेता

<u>एक पुरानी दोस्ती</u>

आज याद आयी एक पुरानी दोस्त की
जो मेरी कितनी करीब थी ।
इतने सालों हम साथ थे-
एक दिन भी नहीं गुज़रे बिना देखे ।
कभी सीधी – सादी, वो कभी होशियार,

कभी विज्ञानी, वो कभी दार्शनिक ।
रोज़ चले वो मेरे साथ- साथ
मेरी पगली प्यारी सहेली ।
मुझे हंसाया कभी वो मुझे रुलाया
प्रेरित किया मुझे वो सोचने के लिए ।
बनाया मुझे वो बेहतर इंसान
बीत गये समय तेज़ी से और ।
किस्मत ने बदल दी हमारी राह

कई रिश्ते गुज़रे नयी मंज़िल में
फिर भी अकेला मेरा मन ।
आज फिर याद आयी वो पुरानी दोस्त की
मेरी पगली प्यारी सहेली – "किताब"

श्रीमती शालिनी टी.एस
उप मंडल अभियंता (प्रशा)
मु.म.प्र. का कार्यालय

From left to right:

1. **Pencil portrait**
2. **Matte finish thread work**
3. **Zardosi painting**
4. **Emboss Painting**
5. **Wire Handwork**
6. **Emboss painting**

Ms.A.Sathiya,
JAO (Banking)

Miss.Y.Megha (6th Std), Grand daughter of Smt.E.Selvi, ATT, O/o AGM(OP/MIS)

Master Monish (7th Std), Grandson of Smt.E.Selvi, ATT, O/o AGM(OP/MIS)

Miss Sri Samanvi (6th Std), D/o Smt.K.Divya, SDE (Admn), O/o CGM CHTD

Smt.S.Kalpana
AGM (Estt)
O/o CGM CHTD

सत्संग का महत्व

कबीर संगति साध की, कड़े न निर्फल होई ।

चन्दन होसी बावना, नीब न कहसी कोई ।

अर्थात् कबीर कहते हैं कि साधु की संगति कभी निष्फल नहीं होती। चन्दन का वृक्ष यदि छोटा या बौना भी होगा तो भी उसे कोई नीम का वृक्ष नहीं कहेगा । वह सुवासित ही रहेगा और अपने परिवेश को सुगंध ही देगा। अपने आस-पास को खुशबू से ही भरेगा ।

सत्संग का अर्थ भारतीय दर्शन में सत्य संगति कहा गया है जो तीन प्रकार की मानी जाती है 1. परम सत्य की संगति, 2. गुरु की संगति और 3.व्यक्तियों की ऐसी सभा की संगति जो सत्य सुनती है, सत्य की बात करती है और सत्य को आत्मसात करती है ।

परम सत्य की संगति आध्यात्मिक जीवन से संबंधित है । प्रभु ईशु ने कहा है कि ईश्वर को जानना शाश्वत जीवन है । ईश्वर को जानना परमेश्वर की संगति में रहना है । यह स्थिति मानव जीवन को निर्मल और पवित्र बनाती है । यह मन के बुरे विचारों व पापों को दूर करती है। इससे हम भी अच्छे बन जायेंगे । भगवान के प्रति श्रद्धा दिखानेवाला मनुष्य दिव्य मार्गदर्शन में जीता है । इसके कारण ही उस मनुष्य को आध्यात्मिक चिंतन मिलता है (परलौकिक)। साथ ही उसके अंदर सद्बुद्धि, परोपकारिता, सेवा, भलाई आदि भावनाएँ जागृत होती हैं। वह उत्तम जीवन बिता सकेगा । हमारे भारत देश में यह भी धारणा है कि भगवान की संगति में जीना सदैव पूजा और प्रार्थना करना है जिससे आदमी सद्‌गुणों से भर जाता है । एक बार तुलसीदास जी से किसी ने पूछा 'कभी-कभी भक्ति करने को मन नहीं करता फिर भी नाम जपने के लिए बैठ जाते हैं, क्या उसका भी कोई फल मिलता है ?' श्री तुलसी दास जी ने मुस्कुरा कर कहा,

"तुलसी मेरे राम को रीझ भजो या खीज ।

भौम पड़ा जामे सभी उल्टा सीधा बीज ॥"

अर्थात् भूमि में जब बीज बोये जाते हैं तो यह नहीं देखा जाता कि बीज उल्टे पड़े हैं या सीधे पर फिर भी कालांतर में फसल बन जाती है, इसी प्रकार नाम सुमिरन कैसे भी किया जाये उसके सुमिरन का फल अवश्य ही मिलता है ।

गुरु की संगति हर इंसान को उसके शिक्ष-दीक्षा के जीवन काल का एक अंग है। गुरु के चरण में जीने की सोच जिस मनुष्य को होती है वह बहुत ही खुशनसीब है। गुरु से प्राप्त विद्या से कोई भी आसानी से जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं को हल कर सकता है। गुरु के सत्संग से ही हमें विवेक, विनय, नेक आदि गुण मिलते हैं। यह संगति कल्पवृक्ष जैसा है। इसमें ज्ञानहीन मनुष्य को भी विद्वान बनाने की सामर्थ्य होती है। गुरु की सत्संगति से ही मनुष्य में मानवीय गुण उत्पन्न होते हैं और उसका जीवन सार्थक बनता है। गुरु ही हैं जो भीतर से हाथ का सहारा देकर, बाहर से चोट मार-मारकर और गढ़-गढ़ कर शिष्य की बुराई को निकालते हैं। कबीर कहते हैं,

गुरु समान दाता नहीं, याचक शीष समान।
तीन लोक की संपदा, सो गुरु दीन्ही दान।।

अर्थात् गुरु के समान कोई दाता नहीं और शिष्य के समान याचक नहीं।

अच्छे मित्रों व सज्जनों की संगति वास्तव में मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारने का कार्य करती है और उसमें सद्गुणों का संचार करती है।

एक अंग्रेज़ी कहावत है, "Show me your friends, I'll show you your future"। हाँ, यह पूर्ण रूप से सच है कि हमारे मित्रों को देखकर कोई यह बता सकता है कि हमारा भविष्य कैसा होगा। इस दुनिया में अच्छी संगति व अच्छे दोस्तों का रिश्ता सबसे वांछनीय और विशेष रिश्तों में से एक है। अगर हमारे साथ कुछ अच्छे मित्र हैं तो हम बहुत सौभाग्यशाली हैं। इस संबंध में किसी कवि ने इस प्रकार लिखा है :

मैं रास्ते से गुजर रहा था कि सामने से एक परिचित

मिल गए। उन्होंने मुझसे कहा ...

मजे में हो ?

मैंने जवाब दिया ..

आनंद में हूँ !

तो उन्होंने कहा

दोनों में क्या फर्क है ?

तो परिचित को बताना पड़ा कि मजे के लिए पैसा चाहिए और आनंद के लिए परिवार और मित्र चाहिए ! मैं आनंद में हूँ .!

धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि दुख में जब सभी रिश्तेदार, बंधु, मित्र साथ छोड़ देते हैं उस समय केवल किया हुआ धर्म और सत्संग ही साथ देता है। सत्संग में बैठने से, सुनने से, बोलने

से ज्ञान की प्राप्ति होती है और मन को शांति मिलती है। इस तरह के सत्संग से हर हाल में खुश रहने की विद्या मिलती है।

किसी भी मनुष्य को सत्संग के अभाव में कभी-कभी कुसंगति में पड़ जाने की संभावना होती है। कुसंगति उसे बुरे रास्ते पर ले जाती है। जो व्यक्ति सत्संगति के विरुद्ध होता है वह कुसंगति के अधीन होता है। यह कभी भी नहीं हो सकता कि मनुष्य कुसंगति के प्रभाव से बच सकता है। जो व्यक्ति दुष्ट और दुराचारी व्यक्तियों के साथ रहते हैं वे व्यक्ति भी दुष्ट और दुराचारी बन जाते हैं। राजा भर्तृहरि कहते हैं कि दुर्जन विद्वान हो तो भी उसे त्याग देना ही उचित है।
महात्मा गांधीजी भी उनकी आत्मकथा में बताते हैं कि वे खुद उनकी किशोरावस्था में कैसे बुरे मित्रों की संगति के कारण उनकी बातों में आकर बुरी आदतों में पड़ गए। इन आदतों की वजह से उन्होंने उसके माता-पिता को कहे बिना सोने का एक ब्रेज़लेट बेच दिया और बाद में बहुत पछताकर इस के लिए माफी भी माँगी।
धार्मिक शास्त्रों में कहा गया है कि दुष्ट व्यक्ति से सदैव दूरी बनाकर रखना चाहिए। क्योंकि दुष्ट व्यक्ति को कितनी ही अच्छी संगति में रखा जाए वह अच्छा नहीं बन सकता। उसके साथ रहने से हमें जरूर नुकसान हो सकता है।
निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि किसी भी तरह, सत्संग मन को एकाग्र करने में मदद करता है। सत्संग के मंत्र हमें हमारे भीतर के एक शांत कोने में ले जाते हैं। सत्य के खोजी के रूप में, एक सत्संगी सत्य को स्वीकार करता है, चाहे वह कहीं से भी आए और किसी भी रूप में आए। वास्तव में सत्संग शांति का मन्दिर है एवं खुशी की जन्मभूमि।

श्रीमती जयसूर्या चेल्लम
सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी
चेन्नई टेलीफोन्स

MY GARDEN

I went to my garden
On a sunny day
I saw a butterfly, I saw a flower
A tree and many more.
I heard the bees buzz,
I heard the birds sing,
And I saw beautiful blossoms on top of trees.
I was full of joy and was happy
With everything around me
And inside me.

Miss Joanne Mariam Ajish (4th Std)
D/o Smt. Gisha Elizabeth Kuriakose, SDE (Legal), O/o CGM CHTD

Miss.B.V.Pragathi, (10th Std)
D/o.Smt.Vasavi R, SDE OP/MIS



Master M.Lalith Kannan (9th Std)
S/o.Smt. R.Indumathy, SOA(G)
O/o AGM (A), Staff Section

Miss.B.V.Sai Vaishnavi (5th Std)
D/o Smt.V.Kalaiselvi, AOS(G)
O/o DGM (OP/MIS)

Miss.Venika. S (2nd Std)
D/o Smt.Dhanalakshmi.R,
SOA(G)
O/o AGM (A), Staff Section

Automation in the Workplace: A Win-Win for Everyone

In today's fast-paced world, automation is essential for businesses of all sizes. It can help us to streamline our processes, improve productivity, and reduce costs. This is especially true for internal and external customers, who rely on us to provide timely and accurate information.

Here are a few examples of how we can use automation to improve our services:

- **In Excel, we can use data connections to collect reports from multiple sources in minutes.** This saves us a significant amount of time and effort, and ensures that our reports are always up-to-date.
- **We can use formulas to convert raw data into our preferred format.** This makes it easier to analyze and interpret the data, and to create meaningful presentations and reports.
- **We can use automation to create presentations from our Excel tables.** This saves us time and hassle, and ensures that our presentations are always up-to-date with the latest data.



We can also use automation to improve our customer service. For example, we can use Google Forms to collect information from field units. That we already started but the links are floated in the Whatsapp. We have to search the link every time. To overcome we can create free websites using sites.google.com in the unit name. This is a convenient and efficient way to collect data, and it allows us to respond to customer inquiries more quickly.

We also have a responsibility to provide information to retired staff. We can do this by creating a Google Drive or website specifically for retirees. This would allow us to share important information and resources with them in a convenient and accessible way.

Automation is a powerful tool that can help us to improve our services and efficiency. By automating repetitive tasks, we can free up our time to focus on more important things, such as providing excellent customer service.

Shri.T.D.Amuthavannan
SDE (Legal)
O/o CGM CHTD

डिटॉक्सिफिकेशन

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बाहरी सफाई की ही तरह शरीर को अंदर से साफ करते रहना भी आवश्यक माना जाता है, इसे डिटॉक्सिफिकेशन कहा जाता है। इस प्रक्रिया में शरीर के अंदर जमा विषाक्त और अपशिष्टों को बाहर करने का प्रयास किया जाता है, जिससे शरीर के सभी अंग स्वस्थ और विषमुक्त रह सकें। आयुर्वेदिक और चीनी चिकित्सा प्रणाली में डिटॉक्सिफिकेशन पर विशेष जोर दिया जाता रहा है। हम जो भी कुछ खातें हैं वह कई प्रकार की प्राकृतिक क्रियाओं के साथ एक समय के बाद अपशिष्ट बनकर शरीर से बाहर आ जाता है, हालांकि इसका कुछ अंश शरीर में शेष रह जाता है जो धीरे-धीरे जमा होकर कई प्रकार की समस्याओं का कारण बन सकता है।

डिटॉक्सिफाइंग की विधि आपको बीमारी से बचाने में मदद करने के साथ शरीर के तमाम अंगों को स्वस्थ और फिट बनाए रखने में सहायक है। आप घर पर ही आसानी से कुछ उपायों को प्रयोग में लाकर शरीर से विषाक्तता को कम कर सकते हैं।

क्या है विशेषज्ञों की राय?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर के डिटॉक्सिफिकेशन का मतलब है रक्त को शुद्ध करना। यह लिवर में रक्त से अशुद्धियों को दूर करने के लिए किया जाता है। बॉडी डिटॉक्स के दौरान किडनी, आंत, फेफड़े, लिंफैंटिक सिस्टम और त्वचा से विषाक्त पदार्थों को भी समाप्त किया जाता है। शरीर के डिटॉक्सिफिकेशन को लेकर निरंतर प्रयास की आवश्यकता है।

खूब पानी पीते रहें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कि अगर हम सभी दिनभर खूब पानी पीते रहें तो यह शरीर के डिटॉक्सिफिकेशन का सबसे असरदार तरीका हो सकता है। पानी पीते रहने से किडनी के माध्यम से अपशिष्ट उत्पाद आसानी से बाहर आ जाते हैं जिससे उनके शरीर में जमा होने का जोखिम कम हो जाता है। पानी पीते रहने से शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण में भी लाभ मिलता है।

नींबू का सेवन

नींबू को बॉडी डिटॉक्स डाइट का मुख्य हिस्सा माना जाता है। ये एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन-सी से भरे होते हैं, जो रोग पैदा करने वाले मुक्त कणों से लड़ने के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसके अलावा, खट्टे फल का शरीर पर एक क्षारीय (alkaline) प्रभाव होता है, जिसका अर्थ है कि यह शरीर के पीएच संतुलन को बेहतर करने में मदद कर सकता है, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली को लाभ होता है।

विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और अपने सिस्टम को साफ करने में मदद करने के लिए दिन की शुरुआत गर्म पानी और नींबू के साथ करना फायदेमंद है।

एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर वाली चीजों का सेवन

बॉडी डिटॉक्स के लिए उचित आहार भी आवश्यक है, इसके लिए एंटीऑक्सिडेंट्स वाली चीजों की मात्रा बढ़ाएं। एंटीऑक्सिडेंट्स आपकी कोशिकाओं को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। वहीं फाइबर युक्त चीजें पाचन को ठीक रखने के साथ मल-त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाती हैं जिससे शरीर के अपशिष्टों को आसानी से बाहर निकालने में मदद मिल सकती है।

डिटॉक्सिफिकेशन के लिए ये कुछ आसान, घरेलू तरीकें हैं। इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें। (स्रोत :: अमर उजाला)

चमकते सितारे / SHINING STARS

श्री टी.राजकुमार, एओएस, कार्या.मु.म.प्र.चेन्नई टेलीफोन्स, की बेटी *सुश्री ऐश्वर्या राजकुमार* एक भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं, जिन्होंने 6 साल की उम्र से कला सीखना शुरू कर दिया था। अपनी गुरु कलैमामणि सुश्री प्रिया मुरली के मार्गदर्शन में, ऐश्वर्या ने पढ़ाई के साथ-साथ अपने आप को इस नृत्य के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने गणित में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शानदार ढंग से पूरी की। उन्होंने भारत और विदेशों में कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रदर्शन किया है। उन्हें राजभवन में प्रदर्शन करने का अवसर भी मिला और तमिलनाडु के माननीय राज्यपाल ने उन्हें सम्मानित किया। इस पवित्र कला को आगे बढ़ाना ऐश्वर्या का सपना है और हम कामना करते हैं कि उनके सपने सच हों।

***Miss Aishwarya Rajkumar*, daughter of Shri T.Rajkumar, AOS, O/o CGM CHTD is a Bharatanatyam dancer who started learning the art at the age of 6. Under the guidance of her Guru Kalaimamani Ms. Priya Murale, Aishwarya dedicated herself to the dance form along with her studies. She completed her post graduation in Mathematics with flying colours. She has performed in many reputed stages in India and abroad. She also got an opportunity to perform at Rajbhavan and the honourable Governor of Tamilnadu felicitated her. She dreams of pursuing her divine passion and we wish her the very best in her career.**

<u>चमकते सितारे / **SHINING STARS**</u>

श्री एन.सुकेश कुमार, उप मंडल अभियंता (ईबी) की बेटी सुश्री जोशीका.एस, महर्षि विद्या मंदिर, चेन्नई में तीसरी कक्षा में पढ़ रही है । जोशिका को तीरंदाजी से प्यार है! खिलौने वाले तीर-धनुष नहीं बल्कि असली तीर-धनुष। उन्होंने कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। जुलाई 2023 में, उन्होंने अंडर 10 वर्ग में ओपन नेशनल इंडोर चैंपियनशिप में पहला पुरस्कार जीता। यह युवा प्रतिभा आने वाले वर्षों में भारत का नाम रोशन करेंगी। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

Miss Joshika.S, daughter of Shri N.Sukesh Kumar, SDE (EB), is a 3rd standard student of Maharishi Vidya Mandir School, Chennai. Joshika is in love with bows and arrows! Not the toy arrows and bows but the real ones. She has participated in many state and national level archery competitions and made her presence felt with remarkable accomplishments. In July 2023, she bagged the first prize in the Open National Indoor Championship in Under 10 category. This young talent is going to be an asset for India in coming years. We wish her the very best.

<u>राजभाषा सम्मेलन</u>

दिनांक 07.04.2022 को डॉ वी.के.संजीवी, मुख्य महाप्रबंधक, चेन्नई टेलीफोन्स की अध्यक्षता में राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। अतिथि प्रवक्ता, श्री मोहम्मद ईशाख, प्रबंधक(हिंदी), एमएफएल ने अति सरल तरीके से संसदीय राजभाषा प्रश्नावली को भरने विवरित किया। श्री उदय मेघाणी, हिंदी उद्घोषक , आकाशवाणी ने अगले सत्र में हिंदी अंताक्षरी संचालित किया। विजेता, डॉ वी.के.संजीवी, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा सम्मानित किए गए।

<u>Cover Page Design: RO Creatives/Design& Layout: Deepti D Nair</u>